विज्ञापन सं.सीपीआरआई/02/2022
भर्ती

केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जो विद्युत आपूर्ति प्रणालियों के जनन, पारेषण, वितरण एवं प्रचालन के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में कार्यरत है। सीपीआरआई, गुणता आश्वासन में तथा उत्पाद के विकास में वैद्युत उद्योग की सहायता करने हेतु विद्युत शक्ति इंजीनियरी में अनुप्रयुक्त अनुसंधान आरंभ करने तथा समन्वित करने के लिए शीर्ष निकाय के तौर पर कार्यरत है। सीपीआरआई विद्युत उपकरण के परीक्षण एवं प्रमाणीकरण हेतु एक स्वतंत्र प्राधिकरण के तौर पर भी सेवारत है। सीपीआरआई का प्रधान कार्यालय बेगलूर में स्थित है तथा इसके एकक भोपाल, हैदराबाद,नागपुर, नोएडा,कोलकाता, गुवाहाटी तथा नासिक में स्थित है।

सीपीआरआई निम्नलिखित रिक्त पद को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पद की रिक्तियों का वर्ग वार विवरण निम्नानुसार है:

पदनाम	वर्ग तथा रिक्तियों की संख्या					
	यू आर	ई डब्ल्यू एस	ओबीसी	एससी	एसटी	कुल
इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1	5	2	4	1	2	**14**

यूआर - अनारक्षित , **ईडब्ल्यूएस** - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **ओबीसी**-अन्य पिछड़ा वर्ग,

एससी - अनुसूचित जाति, **एस टी**- अनुसूचित जनजाति।

शाखावार ब्योरा	**पद की संभावित संख्या**
इलेक्ट्रिकल (विद्युत) इंजीनियरी	8
मैकेनिकल (यांत्रिक) इंजीनियरी	2
केमिकल (रासायनिक) इंजीनियरी	2
इलेक्ट्रॉनिक और कम्यूनकेशन (संचार) इंजीनियरी	2
कुल	**14**

नोट : रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और सीपीआरआई आवश्यकता के आधार पर शाखावार पदों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है।

शैक्षिक अर्हता एवं आयु :

पदनाम	**आवश्यक शैक्षणिक योग्यता**	**ऊपरी आयु सीमा (वर्ष)**
इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1	65% के कुल न्यूनतम या 6.84/10 सीजीपीए के साथ इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरी/ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरी/ मैकेनिकल इंजीनियरी/ केमिकल इंजीनियरी में प्रथम श्रेणी के साथ बीई / बी.टेक । इस पद के लिए आवेदन भरने वाली उम्मीदवारों के पास वर्ष 2020/2021 के लिए मान्य गेट स्कोर प्रप्त हो।	**30**

सीपीआरआई , बिना कोई कारण बताए पदों को भरने या संपूर्ण विज्ञापन या इसके कुछ अंश रद्द करने का अधिकार रखता है । सीपीआरआई भारत में कहीं भी स्थित अपने किसी भी कार्यालय में उम्मीदवारों को नियुक्त करने का भी अधिकार रखता है।

उल्लिखित सभी शैक्षिक अर्हताएँ भारत सरकार द्वारा मान्य यूजीसी/एआईसीटीई/ राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थान /बोर्ड से प्राप्त हों ।

केवल न्यूनतम निर्धारित योग्यता को पूरा करने से उम्मीदवार आगे की चयन प्रक्रिया के लिए लघुसूचीबद्ध किए जाने के हकदार नहीं होंगे।

ऑन लाइन आवेदन के पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तारीख अर्थात् 21.02.2022 को यथा स्थिति उम्र ही ऊपरी आयु सीमा है। पद के लिए उल्लिखित आयु सीमा सामान्य आयु सीमा है और आरक्षित वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार छूट है।

सीपीआरआई में तीन वर्षों के निरंतर सेवायुक्त विभागीय उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा पद के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से 5 वर्ष अधिक है।

वेतन संरचना तथा कार्य विवरण एवं चयन प्रक्रिया :

पद का नाम	स्तर और वेतन मैट्रिक्स में सेल	संक्षिप्त कार्य विवरण	चयन प्रक्रिया
इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1	स्तर - 7 रु. 44,900-142400	राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार विद्युत उपकरणों का परीक्षण और निष्पादन मूल्यांकन. संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाओं, परामर्श कार्य, प्रचालन और अनुरक्षण और पर्यवेक्षण कार्य संपन्न करना ।	मेरिट के क्रम में उनके मान्य गेट स्कोर (2020/2021) के आधार पर चयन होगा। सीपीआरआई को रैंकिंग के लिए कट-ऑफ गेट स्कोर शाखावार तय करने का अधिकार है।

पद की परीवीक्षा अवधि प्रारंभ में दो वर्ष तक होगी। इस पद में सेवा लाभ और भत्ते भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार रहेंगे।

यदि अंग्रेजी और हिंदी रूपांतरित विज्ञापन के बीच कोई अंतर पाया जाए, तो अंग्रेजी रूपांतरण में जारी विज्ञापन लागू होगा ।